भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4719

जिसका उत्तर 22 जुलाई, 2019/31 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया गया

ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक शाखाएं

4719. श्रीमती अन्नपूर्णा देवी:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी बैंकों और अन्य बैंकों की अभी भी केवल 11 प्रतिश शाखाएं हैं जो कृषि-विकास की आवश्यकता को पूरा नहीं करती हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) देश के ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकों की संख्या नहीं बढ़ाए जाने के क्या कारण हैं; और

(घ) इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (घ): जी, नहीं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा सूचित किए गए अनुसार दिनांक 31.03.2019 की स्थिति के अनुसार देश भर में वाणिज्यिक बैंकों की शाखाओं की कुल संख्या 1,46,932 थी, जिनमें से 51,653 बैंक शाखाएं (35.15%) ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। इसके अतिरिक्त, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) की ग्रामीण शाखाओं की संख्या मार्च 2014 के 41,823 से बढ़कर मार्च,2019 में 51,653 हो गयी है। ग्रामीण क्षेत्रों में एससीबी के शाखा रहित पद्धति/व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी) की संख्या भी मार्च,2014 के 3.37 लाख से बढ़कर मार्च,2018 में 5.15 लाख हो गयी है। इसके अलावा, मार्च,2019 की स्थिति के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में 42,583 एटीएम बैंकिंग सेवा प्रदान कर रहे हैं।

*****